रिपोर्ट

हिंदी विभाग, श्याम लाल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

'कविता कैसे पढ़ें' शृंखला के तहत वरिष्ठ कवि मंगलेश डबराल का विशेष व्याख्यान

हिंदी विभाग, श्यामलाल कॉलेज द्वारा दिनांक 1 फ़रवरी, 2018 को 'कविता कैसे पढ़ें' विषय पर एक दिवसीय एकल व्याख्यान/संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ कवि एवं विलक्षण गद्यकार मंगलेश डबराल इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता थे। मंगलेश डबराल 80 के दशक में प्रमुखता के साथ सामने आई पीढ़ी के सर्वप्रमुख कवियों में से एक हैं और अपनी सामाजिक-राजनीतिक प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। पहाड़ पर लालटेन, घर का रास्ता, हम जो देखते हैं, आवाज़ भी एक जगह है, नए युग में शत्रु आदि उनके प्रमुख कविता संग्रह हैं। मंगलेश डबराल ने कविता में विचारधारा और प्रतिरोध चेतना के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कविता का काम अन्याय का विरोध करना है। इसलिए किसी कविता को पढ़ते वक्त यह देखना चाहिए कि कविता अन्याय, असमानता, भेदभाव, हिंसा, अंधविश्वास आदि का विरोध करती है या नहीं। जो कविता ऐसा नहीं करती उसका कोई मूल्य नहीं है। इससे पहले कॉलेज के प्राचार्य प्रो रविनारायण कर ने मंगलेश डबराल का स्वागत पुष्प गुच्छ और स्मृति चिहन भेंट करके किया। विभाग के विद्यार्थियों ने मंगलेश डबराल मदन कश्यप की कुछ कविताओं का पाठ उनके सामने किया और फिर उन्हीं कविताओं का पाठ मंगलेश डबराल द्वारा भी किया गया, जिससे विद्यार्थियों को कविता को पढ़ने की बारीकियों का पता चला। इस कार्यक्रम का फेसबुक लाइव से भी प्रसारण किया गया और इससे काफी संख्या में अन्य कॉलेजों के शिक्षक भी इस व्याख्यान से जुड़े। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए हिंदी विभाग के प्रभारी श्री अमिताभ राय ने मंगलेश डबराल के वक्तव्य के मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करते हुए हिंदी कविता को उनके अवदान से विद्यार्थियों से परिचित कराया और हिंदी विभाग तथा श्यामलाल कॉलेज की तरफ से उन्हें कॉलेज में पधारने के लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम का संचालन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। विभाग के सभी सदस्य और छात्रों की इस कार्यक्रम में उत्साहजनक उपस्थिति रही। दूसरे विभागों के शिक्षक भी श्री मंगलेश डबराल मदन कश्यप को सुनने के लिए आए। कुल मिलाकर यह आयोजन काफी सफल रहा।

https://www.facebook.com/1540742477/videos/10210238841157714/


हिन्दी साहित्य सभा
श्यामलाल कॉलेज
विशेष व्याख्यान
विषय : कविता कैसे पढ़ें
वक्ता : मंगलेश डबराल
01 फ़रवरी, 2018, सेमिनार हॉल
समय : 11 : 00 पूर्वाह्न
अमिताभ राय
प्रभारी
रवि नारायण कर
प्राचार्य